Achievement of NSS in 21st National Youth Festival held at Rohtak

अग्रवाल महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक इकाई तृतीय के छात्र पंकज ने पूरे जिले फरीदाबाद का नेतृत्व करते हुए 21वाँ राष्ट्रीय महोत्सव में सक्रिय भूमिका निभाई। प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता जी के मार्गदर्शन में एन. एस. एस. के स्वयंसेवक पंकज मंगला ने इतनी सुंदर उपलब्धि को प्राप्त किया तथा प्राचार्य जी ने इकाई तृतीय की कार्यक्रम अधिकारी को बधाई दी। उन्होंने बताया यह महोत्सव 12 जनवरी से 16 जनवरी तक महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में संपन्न हुआ। एन. एस. एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ रेखा सैन ने कहा इस महोत्सव में 27 राज्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। छात्र पंकज ने दूर प्रदेश से आए अतिथियों और कलाकारों को आवश्यक सुविधा प्रदान करने में अहम् भूमिका निभाई।

छात्र पंकज ने 21वाँ राष्ट्रीय महोत्सव के अन्तर्गत मिनस्ट्री ऑफ़ यूथ अफेयर्स एन्ड स्पोर्ट्स, भारत सरकार द्वारा आयोजित 'सुविचार और राष्ट्रीय युवा सम्मलेन' में सक्रिय भाग लिया। छात्र पंकज को राष्ट्रीय युवा महोत्सव का प्रतिभागी प्रमाण पत्र तथा खेल और सांस्कृतिक गतिविधियां मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रशंसनीय प्रमाणपत्र भी प्राप्त हुआ।